# महाकाल की नगरी का महाकुंभ ऐसा होगा दुनिया देखेगी

- सीएम ने 369 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी
- कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ऑफिस एक ही बिल्डिंग में बनेंगे
- 7 मंजिला लोक कल्याण सुशासन भवन बनेगा



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में महाकुंभ इस बार ऐसा होगा कि दुनिया देखेगी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया व कन्या पूजन में भी शामिल हुए.**

सीएम ने 369.11 करोड़ रुपये की लागत के 11 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की सौगात दी है. ये विकास कार्य न केवल उज्जैन के नागरिकों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेंगे, बल्कि सिंहस्थ महाकुंभ 2028 के भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आधारशिला भी रखेंगे.

### 135 करोड़ से बनेगी बिल्डिंग

135 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 7 मंजिला अत्याधुनिक भवन लोक-कल्याण और सुशासन का केंद्र बनेगा. सिंहस्थ के दौरान यह भवन मेला प्रशासन और समन्वय के लिए एक केंद्रीकृत और उच्च-सुविधा वाला कंट्रोल सेंटर प्रदान करेगा.

### शिप्रा नदी पर नए पुल

यातायात को सुगम बनाने के लिए शिप्रा नदी पर चार पुलों का निर्माण किया जा रहा है. इनमें कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा रोड पर पुल (27.06 करोड़), लालपुल के समानांतर नवीन 4 लेन पुल (17.69 करोड़), काल भैरव मंदिर मार्ग पर नवीन टू लेन पुल (13.96 करोड़), और चिंतामन रेल्वे स्टेशन मार्ग पर नवीन 4 लेन पुल (15.86 करोड़) शामिल हैं.

### सिंहस्थ मिलेगा लाभ

ये पुल देश भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए शहर में आवागमन को निर्बाध और सुरक्षित बनाएंगे. संकरे पुलों पर होने वाली भीड़ और जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, जिससे शाही स्नान के दौरान भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद मिलेगी. आवासीय और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा.

### तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएँ

धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को भी विकसित किया जा रहा है. मुल्लापुरा में 49.10 करोड़ रुपये की लागत से 50 कक्षों का नवीन सर्किट हाउस वीवीआईपी और अन्य विशिष्ट अतिथियों के आवास के लिए एक शानदार विकल्प प्रदान करेगा.

### स्वास्थ्य उन्नयन

100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल माधवनगर का 200 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन में उन्नयन (24.08 करोड़ रुपये) सिंहस्थ के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के दबाव को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### अफसरों के लिए आवास

सिंहस्थ के आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उज्जैन में रुकना पड़ता है, जिसके लिए नई सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है, केंद्रीय जेल उज्जैन और अन्य स्थानों पर अधिकारियों के लिए नवीन आवासीय भवनों (कुल लगभग 51.23 करोड़ रुपये) का भूमिपूजन किया गया.

### पंचक्रोशी यात्रा मार्ग

इस मार्ग के 6 पड़ावों एवं उप पड़ावों पर सुविधा केंद्र निर्माण (डोम, शौचालय एवं रसोईघर) (14.52 करोड़ रुपये) से न केवल सिंहस्थ के समय, बल्कि वर्ष भर आने वाले तीर्थ यात्रियों को मूलभूत सुविधाएँ मिलेंगी.

### विश्राम गृह बनेगा

शहर से 10 किमी की दूरी पर 6 प्रमुख मार्गों पर नवीन विश्राम गृहों का निर्माण (20.64 करोड़ रुपये) बाहरी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अल्पकालीन विश्राम की सुविधा प्रदान करेगा.

# किसानों की इंदौर में ट्रैक्टर रैली 8 अक्टूबर को ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के विरोध में प्रदर्शन

**इंदौर. उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर परियोजना को लेकर क्षेत्रीय किसानों में गहरा असंतोष है. इसी मुद्दे को लेकर आज किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक गांव रतनखेड़ी में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता किसान नेता बबलू जाधव ने की. इसमें आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई और 8 अक्टूबर 2025 को इंदौर में एक विशाल ट्रैक्टर रैली आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया.**



रैली के माध्यम से किसान अपनी तीन प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखेंगे, जिसमें ग्रीन फील्ड कॉरिडोर परियोजना को तत्काल निरस्त किया जाए, क्योंकि यह हजारों किसानों की उपजाऊ जमीन को प्रभावित कर रही है और उनके जीवन-यापन के अधिकार का हनन कर रही है. सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर तत्काल खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके. भावांतर योजना को बंद किया जाए, क्योंकि इससे किसानों को वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा. जंगली सूअर और घोड़ा रोज़ द्वारा फसलों को हो रहे भारी नुकसान का समाधान किया जाए. बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता बबलू जाधव ने कहा यह आंदोलन केवल हमारी जमीन और फसल के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों के लिए भी है. हम शांतिपूर्वक रैली करेंगे, लेकिन यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो बड़ा संघर्ष किया जाएगा. बैठक में प्रमुख रुप से रतनखेड़ी से कैलाश सोनगरा, भैरू राठौर, राजेंद्र, राहुल पटेल, राजा, दरियाव सिंह, अजनोद से संजू पटेल, कछालिया, ओम पटेल, संजू पटेल, बीबी खेड़ी से मेहरबान चौधरी, राजेंद्र चौधरी, बालरिया से सचिन कुमावत, गौरव कुमावत, जिंदाखड़ा से प्रेम सिंह दरबार, हरिया खेड़ी से हरि सिंह दरबार, पोटलोद से सुरेंद्र सिंह, और मगर खेड़ी से संजू पटेल, लक्ष्मण सिंह, कृष्ण पाल, संदीप, जीवन आदि किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### शांतिपूर्ण होगी

किसानों ने स्पष्ट किया कि यह रैली पूर्णत: शांतिपूर्ण होगी, लेकिन यदि उनकी मांगों की अनदेखी की जाती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. यह ट्रैक्टर रैली न केवल किसानों की पीड़ा का प्रतीक होगी, बल्कि यह सरकार को एक स्पष्ट संदेश देगी कि किसान अब अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार हैं.

# स्वदेशी अभियान के बढ़ावे से भारत बनेगा सशक्त

## कला उत्सव मेले में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**भोपाल, 28 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर ही भारत को सशक्त बनाया जा सकता है. स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से जहां एक ओर हमारा पैसा हमारे देश में रहेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को उनके उत्पाद का लाभ मिलेगा.**



उन्होंने कहा कि रीवा में गत 5 वर्षों से आयोजित हो रहे कला उत्सव में स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और परंपराओं को बढ़ावा मिल रहा है जिससे यह आयोजन न सिर्फ शॉपिंग फेस्टिवल है बल्कि एक सामाजिक आंदोलन भी है जो शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भी आह्वान है कि स्वदेशी अपनाओ राष्ट्र भक्त कहलाओ. लक्ष्मी एजुकेशन एवं ट्रेनिंग समिति द्वारा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में कला उत्सव मेले में ड्रेस, ज्वेलरी, होमडेकोर, गिफ्टस एवं हस्तशिल्प आदि वस्तुएं प्रदर्शित की गई. इस आयोजन के माध्यम से 100 से अधिक महिला उद्यमियों, कलाकारों व कारीगारों को आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक पहचान मिली.

नवरात्रि के पावन पर्व पर रीवा में आयोजित चुनरी यात्रा में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शामिल हुए. अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा द्वारा जनकल्याण एवं धार्मिक सदभाव के उद्देश्य से 51 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा कोठी कम्पाउंड के शंकर जी के मंदिर से प्रारंभ होकर रानी तालाब में मां कालिका के मंदिर में समाप्त हुई. यात्रा में शामिल भक्तों ने मां जगत जननी के चरणों में सामूहिक रूप से चुनरी अर्पित की. इसके पूर्व उप मुख्यमंत्री ने मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की तथा कन्या पूजन किया.

# 26 आईएएस- एसएएस अधिकारियों का तबादला

- आईएएस- एसएएस को जिलों में मिली नई जिम्मेदारी

**भोपाल,28 सितम्बर. मध्यप्रदेश सरकार ने लंबे इंतजार के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं.**

जारी आदेश में 18 आईएएस और 8 एसएएस अफसरों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. कई अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ के साथ-साथ अपर कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. सरकार ने मंत्रालय और विभागों में पदस्थ कुछ अफसरों को सीधे जिलों में भेजकर अहम जिम्मेदारी दी है. आदेश के अनुसार सतना जिला पंचायत सीईओ संजना जैन को अपर कलेक्टर मैहर बनाया गया. संस्कृति विभाग के उप सचिव जगदीश कुमार गोमे को सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली पदस्थ किया गया.

### प्रमुख बदलाव

**सतना**- संजना जैन अपर कलेक्टर मैहर
**सिंगरौली**- जगदीश कुमार गोमे सीईओ जिला पंचायत
**कटनी**- हरसिमरन प्रीत कौर सीईओ जिला पंचायत
**हरदा**- अंजली जोसेफ सीईओ जिला पंचायत
**ग्वालियर**- सोजान सिंह रावत सीईओ जिला पंचायत
**खंडवा**- सृष्टि देशमुख गौड़ा अपर कलेक्टर
**निधि सिंह**- अपर श्रम आयुक्त
**नर्मदापुरम**- हिमांशु जैन जिला पंचायत सीईओ

### अन्य नियुक्तियां

**जबलपुर**- सर्जना यादव सीईओ जिला पंचायत सीहोर
**रीवा**- वैशाली जैन रतलाम जिला पंचायत सीईओ
**ग्वालियर डबरा**- दिव्यांशु चौधरी डिंडोरी जिला अपर कलेक्टर
**बुरहानपुर**- सृजन वर्मा जिला पंचायत सीईओ
**अनूपपुर**- अर्चना कुमारी अपर कलेक्टर + जिला पंचायत सीईओ
**शहडोल**- शिवम प्रजापति जिला पंचायत सीईओ
**श्योपुर**- सौम्या आनंद अपर कलेक्टर + जिला पंचायत सीईओ
**मंडला**- आकिप खान पिपरिया (नर्मदापुरम) एसडीएम
सिवनी- पंकज वर्मा पुनासा (खंडवा) एसडीएम

# प्रदेश की 10 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज डिफॉल्टर घोषित

**भोपाल, 28 सितम्बर.** देशभर में 54 निजी यूनिवर्सिटीज को डिफॉल्टर घोषित किया गया है, जिनमें मध्यप्रदेश की 10 यूनिवर्सिटीज शामिल हैं. यूजीसी के अनुसार ये यूनिवर्सिटीज छात्रों के लिए जरूरी जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपडेट नहीं कर रही हैं. यूनिवर्सिटीज को अपनी वेबसाइट पर सर्च विकल्प सहित प्रमाणित दस्तावेज अपलोड करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन पालन नहीं हुआ. पब्लिक सेल्फ डिस्क्लोजर नियम के तहत प्राइवेट यूनिवर्सिटी को अपनी वेबसाइट पर फैकल्टी सहित सभी जरूरी जानकारी अपलोड करनी होती है.





GST लाभ | सीमित अवधि ऑफर

| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
| --- | --- | --- |
| SPLENDOR+ | ~~₹79 826~~ ₹73 589# | ₹6 237 |
| Destini 125 | ~~₹83 868~~ ₹77 315# | ₹6 553 |

+ विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक + इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड FESTIVE TREATS Powered by pine labs + प्रतिदिन EMI ₹69$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹1 999$ से शुरू

स्कैन करें और त्योहार को खुशियों से भर दें

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and Destini 125 in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलर: इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलर: अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुखमणी मोटर्स, 9993048891, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**